संख्या-5/2022/471/तेइस-7-2021-45(सा0)/2021

प्रेषक,

अभय कुमार,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता(व्यवस्थापन-घ वर्ग),
लोक निर्माण विभाग,
उ0प्र0, लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-7 लखनऊ: दिनांक 11 जनवरी, 2022

विषय:- स्व0 श्रीमती शोभा अस्थाना, वास्तुविद मानचित्रकार, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ के स्वयं की चिकित्सा पर व्यय धनराशि की प्रतिपूति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने कार्यालय के पत्रांक-638व्यघ/49व्यघ/88, दिनांक 08-04-2021 एवं पत्रांक-3295व्यघ/49व्यघ/88, दिनांक 30-09-2021 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक(चिकित्सा परिचर्या) नियमावली-2011, सहपठित प्रथम संशोधन नियमावली-2014 में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत स्व0 श्रीमती शोभा अस्थाना, वास्तुविद मानचित्रकार, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ के स्वयं का उपचार टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, मुम्बई में दिनांक 23-11-2019 से 02-04-2020 तक भर्ती होकर दिनांक 22-11-2019 से दिनांक 23-11-2020 तक बिना एडमिट हुए ब्लड कैंसर के कराये गये चिकित्सा पर दावा की गयी व्यय धनराशि रू0 18,78,367/- (रूपये अट्ठारह लाख अटहत्तर हजार तीन सौ सरसठ मात्र) के सापेक्ष मुख्य चिकित्साधिकारी, लखनऊ द्वारा संस्तुत धनराशि रू0 14,52,204/-(रूपये चौदह लाख बावन हजार दो सौ चार मात्र) की प्रतिपूति श्री अजय अस्थाना पति स्व0 श्रीमती शोभा अस्थाना को किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं। प्रश्नगत धनराशि का भुगतान करने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि उक्त चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावें का भुगतान प्रथम बार ही किया जा रहा है एवं भुगतान की पुनरावृत्ति नहीं हो रही है।

3- उक्त चिकित्सा प्रतिपूति पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2021-2022 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-54 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक "2059-लोक निर्माण कार्य-

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

आयोजनेत्तर-80-सामान्य-001-निर्देशन तथा प्रशासन-03-निदेशन-49-चिकित्सा व्यय " के मद के नामे डाला जायेगा।

4- उक्त चिकित्सा दावा/इलाज से संबंधित समस्त बिल बाउचर व अन्य संगत अभिलेख मूलरूप में संलग्नकर प्रेषित किया जा रहा है।

संलग्नक- यथोक्त।

भवदीय,
अभय कुमार
संयुक्त सचिव।

संख्या-5 /2022/471(1)/तेइस–7–2021-तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1- महालेखाकार, उ0प्र0, प्रयागराज।
2- विशेष सचिव/नोडल अधिकारी,बजट आवंटन प्रणाली, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
3- वित्त नियंत्रक, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
4- कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
5- मुख्य अभियन्ता(मु0-2), लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
6- श्री अजय अस्थाना पति स्व0 श्रीमती शोभा अस्थाना, मकान नं0-5/181, विराम खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ ।
7- गार्ड पत्रावली हेतु।

आज्ञा से,
राजेन्द्र प्रसाद
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।